समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# चुनावी तैयारियों को धार मे जुंटे CM नीतीश कुमार, BJP नेताओं के साथ आज इन मुद्दों पर करेगें चर्चा।

Publisher

Published on 06 May 2025

**बिहार मे चुंनावी माहौल गरमाने लगा है. राजनीतिक दलों की बैठकों मे मंथन का दौर जारी है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी एक्शन मोड मे है. ंसीएम आवास पर बड़ी बैठक होने वाली है.**

राजनीतिक दलों के बीच बिहार चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है. लगातार बैठक कर तैयारियों पर चर्चा की जा रही है. सत्ता पक्ष समेत विपक्षी गठबंधन भी चुनावी तैयारियों को धार देने में जुटा है. बीते सोमवार (06 मई, 2025) को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेडीयू के नेताओं की बड़ी बैठक बुलाई थी. बैठक में संगठन को और कैसे मजबूत किया जाए इस पर चर्चा की गई. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेडीयू नेताओं को टास्क भी दिए. आज (मंगलवार) फिर एक बैठक है.

बीजेपी नेताओं की मुख्यमंत्री आवास पर बैठक बुलाई गई है. शाम चार बजे से शुरू होने वाली बैठक में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत अन्य वरीय नेता मौजूद रहेंगे. बता दें कि एनडीए का सीधा मुकाबला महागठबंधन से है. एनडीए गठबंधन में जेडीयू, बीजेपी, चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास), जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल हैं.

बीजेपी नेताओं के साथ मुख्यमंत्री की बैठक
कुल पांच दलों से बने गठबंधन को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में विधानसभा चुनाव का लड़ना है. एनडीए ने जीत का लक्ष्य 225 सीट रखा है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज की बैठक पर नजर रहेगी. माना जा रहा है कि बीजेपी नेताओं के साथ कई मुद्दों पर चर्चा हो सकती है. प्रमुख मुद्दों में सहयोगी दलों के बीच बेहतर तालमेल बनाना, चुनाव प्रचार अभियान की रूपरेखा तैयार करना और महागठबंधन की घेराबंदी शामिल है.

चुनावी तैयारियों को धार देने की कवायद
गौरतलब है कि विपक्ष का महागठबंधन अब तक कुल तीन बैठकें कर चुका है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बीजेपी नेताओं के साथ आज की बैठक को भी काफी अहम माना जा रहा है. 243 सीटों के लिए अक्टूबर नवंबर में चुनाव कराए जाने की उम्मीद है. फिलहाल चुनाव से पहले राजनीतिक दल ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत का परचम लहराने की रणनीति बनाने में जुटे हैं.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.